# एक कोरे कागज पे तूने कलम चलाई है भजन लिरिक्स

एक कोरे कागज पे,
तूने कलम चलाई है,
सत पथ की राह गुरु,
तूने दिखलाई है,
एक कोरे कागज़ पे,
तूने कलम चलाई है।bd।

तर्ज – गुरुदेव दया करके।

---

माता ने जन्म दिया,
गुरुवर को सौंप दिया,
अज्ञान अंधेरों का,
क्षण भर में लोप किया,
सत्कर्म सरल भाषा,
तूने सिखलाई है,
एक कोरे कागज़ पे,
तूने कलम चलाई है।bd।

---

तू ज्ञान का सागर है,
गुणगान करे तेरा,
सद्गुण की गागर है,
सम्मान करें तेरा,
प्रभुवर से मिलने की,
युक्ति बतलाई है,
एक कोरे कागज़ पे,
तूने कलम चलाई है।bd।

---

सद्गुरु मिल जाने से,
जीवन खिल जाता है,
भव पार उतरने का,
रास्ता मिल जाता है,
ऐ 'हर्ष' गुरु तुमसे,
मुक्ति मिल पाई है,
एक कोरे कागज़ पे,
तूने कलम चलाई है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

एक कोरे कागज पे,
तूने कलम चलाई है,
सत पथ की राह गुरु,
तूने दिखलाई है,
एक कोरे कागज़ पे,
तूने कलम चलाई है।bd।

**Singer – Kishan Kumar**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com